प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता के कुशल नेतृत्व में अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में एक आत्म सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन दिनांक 11 फरवरी, 2019 को हुआ। यह कार्यशाला कॉलेज की यूथ रैड़ क्रॉस और महिला प्रकोष्ठ के द्वारा हरियाणा किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित की गई। अग्रवाल महाविद्यालय ने हरियाणा किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के साथ एक MOU साइन किया हुआ है जिसके अन्तर्गत प्रतिदिन आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण दिया जाता है। इस कार्यशाला में प्रशिक्षक श्री अजय सैनी और श्रीमती अंजू शर्मा ने छात्राओं को आत्म सुरक्षा के गुर सिखाए तथा डेमो भी दिया। समाज में महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों के कारण आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण समय की मांग बन चुका है। इससे छात्राओं में आत्म विश्वास, आत्म निर्भरता, शारीरिक कुशलता और व्यक्तित्व निर्माण होता है। छात्राएँ किसी भी मुश्किल स्थिति का सामना धैर्य और मजबूती से स्वयं ही कर सकती हैं। इस कार्यशाला में छात्राओं को आत्म सुरक्षा से संबंधित विडियो भी दिखाए गए। छात्राओं को पर्स, दुपट्टे, स्प्रे और हेयर पिन का प्रयोग करके अपने बचाव करने के तरीके भी सिखाए। यह कार्यशाला डॉ. जयपाल सिंह और डॉ. गीता गुप्ता के दिशा निर्देशन में आयोजित की गई। इस कार्यशाला में 155 छात्राओं ने भाग लिया। महाविद्यालय में समय–समय पर ऐसी कार्यशालाओं का आयोजन होता रहता है। महाविद्यालय की 17 छात्राएँ महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक में 15–16 फरवरी को होने वाली अर्न्तमहाविद्यालय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में भाग ले रही हैं।